तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ लगा भंडारा



## खबर संक्षेप

### एसजीजीयू के सामने स्कार्पियों से उठाईगिरी

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय के सामने खड़ी स्कार्पियों वाहन का शीशा तोड़कर बदमाशों ने उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी वाहन के अंदर बैग में रखे 15 हजार रुपए नगद, अन्य दस्तावेज लेकर फरार हो गए। युवक पत्नी की सोनोग्राफी कराने के लिए आया हुआ था और निजी क्लिनिक में जांच के लिए गया हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भटगांव सलका चंदरपुर निवासी सुभाष चंद्र कुशवाहा पत्नी का रूटीन चेकअप कराने के लिए अम्बिकापुर आया हुआ था। अपस्ताल में डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी कराने की सलाह दी गई इस लिए युवक पत्नी को लेकर दर्रीपारा स्थित सोनोग्राफी सेंटर पहुंचा था। इस दौरान युवक ने अपनी स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 एई 2555 को संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय परिसर के बाहर खड़ी किया था। क्लिनिक में जांच कराने के बाद जब युवक वापस लौटा तो उसके वाहन का शीशा टूटा हुआ था और अंदर रखा बैग गायब था। युवक द्वारा तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। युवक के अनुसार बैग में 15 हजार रुपए व कुछ दस्तावेज थे। फिलहाल युवक की शिकायत के बाद पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

### जुआ खेलते आठ युवक पकड़े गए, 50 हजार जब्त

**अम्बिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने सार्वजनिक रूप से जुआ खेल रहे आठ लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही 50 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस के अनुसार रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सत्तीपारा स्थित बेचन कालोनी में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने युवकों के पास से 50 हजार रुपए नगद, 52 नग ताशपत्ती, आठ नग मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने मामले में संतोष अग्रवाल उम्र 47 वर्ष, गगन अग्रवाल उम्र 36 वर्ष, अशोक अग्रवाल उम्र 48 वर्ष, अब्दुल रहमान उम्र 52 वर्ष, मनोज अग्रवाल उम्र 43 वर्ष, विजय अग्रवाल उम्र 41 वर्ष, जितेन्द्र सोनकर उम्र 38 वर्ष एवं अन्य के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से उपनिरीक्षक सुनिता भारद्वाज, प्रधान आरक्षक विजय रवि, अमित प्रताप सिंह, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, रमन मण्डल एवं आरक्षक उपेन्द्र आदि सक्रिय रहे।

### नाबालिग को भगा ले गया युवक, गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। युवक व नाबालिग पति पत्नी की तरह रहकर दुकान में काम कर रहे थे। इस दौरान नाबालिग ने एक बच्चे को भी जन्म दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 सितंबर 2023 की रात थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। पुत्री की खोजबीन के बाद 23 सितंबर को परिजन द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी और पुत्री को बलहा फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस नाबालिग की तलाश की जा रही थी। इस बीच पुलिस ने 5 अप्रैल को नाबालिग को आरोपी प्रियांशु के कब्जे से बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने जब नाबालिग व आरोपी से पूछताछ की तो पता चला कि नाबालिग और युवक की एक दूसरे से पहचान थी और बात चीत होती थी। इस दौरान युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर कईबार दुष्कर्म किया और सितम्बर माह में भागकर ले गया। इसके बाद दोनों पति पत्नी के रूप में रहकर दुकानों में काम कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। इस दौरान नाबालिग ने एक पुत्र को भी जन्म दिया।

## गेहूं कटाई कार्य प्रभावित, दिनभर छाए रहे बादल

# बूंदाबांदी के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लगातार पड़ रही तेज गर्मी के बीच फिर मौसम ने करवट बदल ली, इसके कारण जिलेभर में हल्की बूंदाबादी हुई, वहीं कहीं पर कुछ देर की बौछार भी पड़ी है। जिले में रविवार को अचानक मौसम के करवट बदलने के कारण आसमान में सुबह से लेकर शाम तक बादल छाए रहे, इसके कारण इस दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए।

रविवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बादलों के बीच से हल्की बूंदें लगातार कई घंटों तक गिरती रही, कहीं पर तेज तो कहीं पर हल्की बूंदाबांदी हुई, इसके अलावा जिले के कुछ क्षेत्रों में बौछारें भी पड़ी। बादलों भरा मौसम होने के कारण दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, जहां दिन के समय तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी व पसीने से तरबतर होना पड़ रहा था, वहीं रविवार को बादलों भरा मौसम बने रहने के कारण गर्मी से राहत मिली। तापमान में भी कर्मी आने से लोगों ने राहत महसूस की। अपरान्ह के बाद चल रही शीतल हवाओं से राहत मिली। इस तरह रविवार को पूरा दिन खुशनुमा बना रहा। उल्लेखनीय है कि अप्रैल के महीने की शुरूआत तेज गर्मी से शुरू हुई और लगातार धूप खिलता रहा, इसके कारण दिनों दिन गर्मी बढ़ती जा रही थी ,इसके कारण लोगों को दिन दोपहर के समय सुरक्षात्मक उपाय अपनाकर ही धूप में निकलना पड़ रहा था। इसी बीच अप्रैल माह के पहले सप्ताह के अंतिम दिन 7 अप्रैल को अचानक मौसम में बदलाव आया और तेज धूप व गर्मी से बादलों ने राहत दे दी। मौसम विभाग के अनुसार 8 अप्रैल को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे, जिससे कि इस दिन भी लोगों को तेज धूप व गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन इसके बाद 9 अप्रैल से फिर धूप खिलने लगेगी, जिससे तापमान का पारा तेजी से चढ़ना शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि अप्रैल व मई के माह में ज्यादा गर्मी की तपिश रहती है। मई माह के अंतिम सप्ताह में ही नवतपा की शुरूआत होती है, इस दौरान धरती को सूर्य देव खूब तपाते हैं।



शहर में बूंदाबांदी के साथ हो रही बारिश।

### बादलों ने रोकी सूर्य की तपिश को

रविवार को मौसम में बदलाव के कारण सुबह से लेकर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे, जो कि सूर्य की तीखी तपिश को रोकने का काम किया। बादलों भरा मौसम बने रहने के कारण इस दिन लोगों को गर्मी का अधिक असर नहीं हुआ, बल्कि शाम के समय चल रही हवाओं के कारण ठंडक का भी अनुभव हुआ, जबकि अप्रैल माह की शुरूआत के साथ ही तेज गर्मी लगने लगी थी और तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन अचानक मौसम में बदलाव के बाद तापमान में कमी हो गई ।

### गेहूं फसल को नुकसान का अंदेशा

मार्च के महीने में कई बार मौसम में बदलाव के कारण बे मौसम बारिश हुई और अप्रैल माह के पहले सप्ताह के अंतिम दिन मौसम का हाल बिगड़ने के कारण बूंदाबांदी व कहीं बौछार हुई, इससे खेतों में पड़ी गेहूं की पकी फसल को नुकसान होने का अंदेशा है। पिछले माह में ही गेहूं की फसल बे मौसम बारिश की मार पड़ी थी और अब पड़ने के कारण गेहूं को नुकसान पहुंचा है, इससे गेहूं के क्वालिटी पर असर पड़ने की संभावना है। मौसम का मिजाज बिगड़ने के कारण गेहूं की कटाई भी प्रभावित हुई। उल्लेखनीय है कि इन दिनों सभी क्षेत्रों में लगाई गई गेहूं की फसल पक गई है और कटाई तेजी से चल रही है।

### मौसम का असर व्यापार पर भी पड़ा

तेज गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम का असर सीजन के व्यापार पर असर डाला। रविवार को बादलों भरा मौसम बने रहने के कारण गन्ना रस की दुकानों में इस दिन ग्राहकों की भीड़ कम दिखाई दी। दिनभर गन्ना रस की दुकानों में सन्नाटा बना रहा, इसी तरह कुछ जगहों पर तरबूज की बिक्री करने वाले व्यापारी के पास भी ग्राहकी कम ही दिखाई पड़ी, वहीं आईसक्रीम, कुल्फी वालों का भी व्यापार पर असर दिखाई दिया।

# नियम तोड़ने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, 1749 प्रकरण बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- बीते वर्ष 155 सड़क दुर्घटनाओं में 77 लोगों की गई थी जान

सड़क पर अनुशासन एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, बाजार में सड़क पर दिख रही अव्यवस्था एवं सड़क दुर्घटनाओं की मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से कोरिया पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सतत कार्रवाई की जा रही है।

विगत लगभग एक माह में जिलेभर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। इसी के साथ यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिदिन एमव्ही एक्ट की कार्रवाई जारी है। यातायात नियमों का पालन न करने के कारण विभिन्न प्रकार की सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है, इससे जान-माल की क्षति भी होती है एवं सड़क के माध्यम से कई आपराधिक गतिविधियां भी होने की संभावना बनी रहती है, इसके अलावा शहर में अवैध रूप से पार्किंग के कारण आवागमन बाधित होता है। यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

विगत एक माह में 1749 वाहन चालकों पर 570500 जुर्माना वसूल कर राजकोष में जमा किया गया है। पुलिस के सभी थाना एवं यातायात बैकुंठपुर द्वारा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने, वाहन में रिफ्लेक्टर नहीं होने, वाहन का कागजात नहीं होने, बिना नंबर प्लेट की गाड़ी होने, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने, वाहनों में पार्किंग लाइट नहीं होने,दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट के चलने, मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने, बिना लाइसेंस वाले वाहन चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने, नो पार्किंग पर वाहन खड़ी करने, दुपहिया में तीन सवारी होने, मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने जैसे अनेक यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई है।



वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मी ।

### वर्ष 2023 में 155 सड़क दुर्घटनाएं

वर्ष 2023 में 155 सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई है। इसमें 77 लोगों की मृत्यु हुई है एवं 92 लोग घायल हुए हैं। इसी तरह वर्ष 2024 के विगत 3 माह में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुई है, इसमें से 27 लोगों की मौत हुई है एवं 30 लोग घायल हुए हैं। जिले की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कोरिया पुलिस प्रतिबद्ध है। कोरिया पुलिस आमजनों से अपील करती है कि पुलिस का भरपूर सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं राहगीरों को सुरक्षित रखें।

### विभिन्न मामलों में की गई चालानी कार्रवाई

बीते माह मार्च में तीन सवारी वाहन चालने पर कुल 111 प्रकरणों में 37500 रूपए, वाहन के कागजात पेश नहीं करने पर कुल 738 प्रकरणों में 221400 रुपए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर कुल 215 प्रकरणों में 64700 रूपए, अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर कुल 43 प्रकरणों में 12900 रूपए, बिना नंबर प्लेट के वाले वाहनों पर कुल 175 प्रकरणों में 52500 रूपए, वाहन पर रिफ्लेक्टिव, पार्किंग एवं अन्य लाईट नहीं होने पर कुल 219 प्रकरणों में 65700 रूपए, बिना सीट बेल्ट के वाहन चालन पर कुल 39 प्रकरणों में 19500 रूपए, बिना रजिस्ट्रेशन वाली वाहन पर कुल 75 प्रकरणों में 22500 रूपए एवं बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर कुल 45 प्रकरणों में 13900 रूपए समन शुल्क वसूल किया गया है। इसी के साथ प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने, वाहन में ब्लैक फिल्म लगाने, बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने, प्रदूषण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने एवं आदेशों का पालन नहीं करने के तहत कुल 89 प्रकरण में 59900 रूपए की चालानी कार्रवाई भी की गई है। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर 5 लाख 70 हजार 500 रूपए वसूल किया गया है।



विद्यार्थियों के साथ कैरम खेलते डीईओ।

# समर कैंप में पहुंचे डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 12 व्हीटीसी कालोनी स्थित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला में समर कैंप 2024-25 का आयोजन निरंतर 30 अप्रैल तक किया जा रहा है।

इस कैंप में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना, गतिविधि आधारित शिक्षा, स्वच्छ विद्यालय परिसर, सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के बैठने के लिए टेबल-बेंच की व्यवस्था किया गया है। इसी के साथ सभी बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था भी उपलब्ध किया गया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठयेत्तर गतिविधियां व शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। शिक्षित, प्रशिक्षित व अनुभवी शाला स्टाफ खेल सामग्री भी प्रदान किया गया है। शुद्ध जल, बिजली, पुस्तकालय की व्यवस्था, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठयेत्तर गतिविधियां व शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन, आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक वातावरण प्रिंट रिच वातावरण प्रत्येक शनिवार को चित्रकला, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं इस स्कूल संस्था में बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया जाता है, जो राज्य सरकार के महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। शनिवार के दिन निरीक्षण करने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं मोहन भट्ट ने पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला चरचा में समर कैंप के उपलक्ष्य में बच्चों से रू-ब-रू हुए। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने बच्चों के साथ गेम का आनंद लिए।

### सर्पदंश से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम बोगा निवासी राजकुमार पंडो (22 वर्ष) बुधवार की रात घर के जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहा था। इसी दौरान तड़के जहरीले सांप ने युवक हाथ में काट लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन युवक को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# विधायक रेणुका ने वनांचल क्षेत्र का किया दौरा

- जनता की समस्याओं से हुई रू-ब-रू

**सोनहत।** भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड़ सोनहत के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र रामगढ़ के ग्राम सुकतरा, सेमरिया, अमृतपुर, उग्याव व सिंघौर पंचायत का दौरा किया, जहां उन्होंने आम पेड़ के नीचे जन चौपाल लगाकर जनता के साथ स्वयं चटाई में बैठकर लोगों की एवं क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुई, जहां उपस्थित जनसमुदाय ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, स्कूल एवं छात्रावास की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की, साथ ही रामगढ़ के प्रमुख समस्या मोबाइल टॉवर और नेटवर्क की समस्या से विधायक को अवगत कराया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यहां मोबाइल टावर तो है, लेकिन नेटवर्क नहीं होने के कारण लोगों को काफी समस्याएं होती है। जैसे स्वास्थ्य सुविधा के लिए यदि एम्बुलेंस बुलाना हो तो नेटवर्क नहीं होने के कारण पीड़ति को शासन की सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है, इस पर विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि आज ⏭ शेष पेज 4 पर



ग्रामीणों के बीच पहुंची विधायक रेणुका सिंह।

# नियुक्ति निरस्त होने से चयनित शिक्षकों का भविष्य खतरे में

- शालेय शिक्षक संघ ने नियुक्ति यथावत रखने की मांग की

**मनेन्द्रगढ़।** 6 माह से शासकीय स्कूलों में पदस्थ बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षक अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। नौकरी जाने के भय से कई शिक्षक अवसाद में हैं।

पिछली सरकार द्वारा नियुक्ति का मामला है, इसमें बीएड प्रशिक्षित को भी सहायक शिक्षक पद पर आवेदन करने की छूट दी गई थी। इस संबंध में शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन दुबे ने बताया कि आज प्रदेश के समस्त बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षक हजारों की संख्या में शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में छग शासन के स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात किए और अनुरोध किया कि प्रदेश के इन युवाओं के ⏭ शेष पेज 4 पर

# बाजार में पहुंचा आम, कीमत 200 के पार

**बैकुण्ठपुर।** फलों का राजा आम बाजार में आ गया है, लेकिन शुरूआती दौर में आम लोगों के पहुंच से दूर है। वर्तमान में सिर्फ खास लोगों के लिए हैं। जानकारी के अनुसार फल दुकानों में अभी बैगन फली, लंगड़ा आम पहुंचना शुरू हो गया है, जिसका भाव अभी 200 रूपए पार है। जैसे-जैसे आवक बढ़ना शुरू होगी, तो धीरे-धीरे भाव भी गिरना शुरू हो जाएंगे। फिलहाल आम का स्वाद अभी सभी के पहुंच के बाहर है।

इस वर्ष जिले में आम के पेड़ों पर बौर भरपूर आए हैं, लेकिन पूर्व में चली आंधी चलने तथा जिन क्षेत्रों में ओले गिरे थे, उन क्षेत्रों में आम के बौर को नुकसान पहुंचा था ,फिर भी इस वर्ष आम का उत्पादन अच्छी होने की उम्मीद है, क्योंकि बौर रहने के दौरान ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। कोरिया जिले के हर गांव में बहुतायात में आम के पेड़ हैं, जिस पर आम की स्थानीय आवक शुरू हो जाती है, उस दौरान आम सस्ते हो जाते हैं, जिससे कि ज्यादातर लोग आम का स्वाद ले पाते हैं। फिलहाल फल के बाजार में पहुंच आम का स्वाद आम लोग महंगे दाम होने के कारण नहीं ले पा रहे हैं। आम केपेड़ों पर अब टिकोरे लगने शुरू हो गए हैं, जिससे कि माह के अंत तक कच्चे आम बाजार में पहुंचना शुरू हो जाएगा।



## स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर विभाग से मिला लाइसेंस

# चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ और जनकपुर में शुरू होंगे ब्लड बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले के लोगों के लिए अच्छी खबर है। मरीजों को अब पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही ब्लड बैंक की सुविधा मिलेगी।

- जिले के 2 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयास के बाद खाद्य एवं औषधि प्रसंस्करण विभाग के कंट्रोलर की तरफ से एमसीबी जिले के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड बैंक खोलने की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। जल्द ही जिले के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी और जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक शुरू हो जाएंगे, इससे मरीजों को राहत मिलने के साथ-साथ उन्हें खून की कमी होने पर बाहर जिलों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। एमसीबी जिले के लगभग 200000 लोगों को इसका फायदा मिलेगा। विदित हो कि एमसीबी जिले में लंबे समय से ब्लड बैंक की मांग की जा रही थी। अब तक लोगों को ब्लड डोनेशन और ब्लड चढ़ाने की सुविधा के लिए कोरिया जिले के शासकीय और निजी ब्लड बैंकों की ओर जाना पड़ता था। लंबे समय के इंतजार के बाद गुरुवार को फूड और ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन छग के कंट्रोलर की ओर से ब्लड बैंकों को लाइसेंस दे दिया गया। लाइसेंस मिल जाने के बाद अब मरीजों को राहत मिलेगी। घायल व गंभीर मरीजों को समय पर ब्लड मिलने से लाभ मिल सकेगा। चिरमिरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक बनाने की कवायद शुरू की गई थी। बीते वर्ष ब्लड बैंक बनकर तैयार हो गया था। स्टाफ की भी तैनाती कर दी गई, लेकिन लाइसेंस नहीं मिलने के कारण ब्लड बैंक का संचालन शुरू नहीं हो पाया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ब्लड बैंक का निरीक्षण भी कर चुकी थी। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी -मनेन्द्रगढ़ और जनकपुर के ब्लड बैंक को लाइसेंस दिया है।



### ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध होगी

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि कार्यालय कंट्रोलर फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन छग द्वारा जनकपुर -मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड बैंक चलाने के लिए औषधि अधिनियम के अंतर्गत आवेदन स्वीकृत कर लिया है। अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को घर के पास में ही उच्च स्तरीय ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ब्लाक स्तर पर ब्लड बैंक खुलने से सीधा फायदा मरीजों को होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड बैंक खोलने की स्वीकृति दी गई है, मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

### सेंट्रल हॉस्पिटल होगा मुख्य ब्लड सेंटर-

फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन छग के कार्यालय से बीएमओ को पत्र जारी किए गए हैं। इसमें एमसीबी जिले के बड़ा बाजार चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ और जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुमन ब्लड को ⏭ शेष पेज 4 पर

# सीएचसी में सामूहिक शपथ कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में चिरमिरी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को रैली एवं स्लोगन के माध्यम से मतदान हमारा अधिकार है के थीम पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। उक्त रैली शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से होते हुए हाट बाजार बड़ाबाजार, बस स्टैंड से होते हुए पुनः शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समाप्त हुई। रैली उपरांत अंत में जिला प्रबंधक शहरी राकेश वर्मा के द्वारा सभी को मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

रैली में मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, महिला आरोग्य समिति के सदस्य, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी के समस्त स्टाफ एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.जयंत कुमार यादव, डॉ. अभिषेक तिवारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डॉक्टर हू' का धमाकेदार ट्रेलर जारी, किरदारों से भी उठा पर्दा



'डॉक्टर हू' के अगले सीजन का आधिकारिक ट्रेलर जारी हो गया है। दो मिनट के ट्रेलर में, हम डॉक्टर और उसके साथी, रूबी संडे (मिल्ली गिब्सन) को डायनासोर के युग से लेकर ब्रिजर्टन जैसे प्रसंग तक, 1960 के दशक के समय और स्थान की यात्रा करते हुए देखते हैं। हमें यह भी संकेत मिलते हैं कि रूबी का जीवन खतरे में होगा और तारदिस उस पर काई उगने के लिए काफी समय तक कहीं फंसा रह सकता है। 'डॉक्टर हू' का आगामी सीजन डॉक्टर और उसके साथी रूबी संडे का अनुसरण करता है, क्योंकि वे इंग्लैंड में रीजेंसी युग से लेकर युद्धग्रस्त भविष्य की दुनिया तक के रोमांच के साथ समय और स्थान की यात्रा करते हैं। इस दौरान उनका सामना अविश्वसनीय दोस्तों और खतरनाक दुश्मनों से होता है, जिसमें एक भयानक बोगीमैन और डॉक्टर का अब तक का सबसे शक्तिशाली दुश्मन भी शामिल है। ट्रेलर में इंदिरा वर्मा (गेम ऑफ थ्रोन्स) के किरदार, डचेस की पहली झलक दिखाई गई है, और यह घोषणा की गई है कि कैली कुक (हेनपोकैलिप्स) आगामी सीजन में दिखाई देंगी। पूरे ट्रेलर में अतिरिक्त अतिथि कलाकारों को दिखाया गया है जिनमें अनीता डॉब्सन, यास्मीन फिन्नी, मिशेल ग्रीनिज, बोनी लैंगफोर्ड, जिंक्स मॉनसून, जेम्मा रेडग्रेव, लेनी रश और एंजेला विंटर शामिल हैं। रसेल टी डेविस शोरनर, 'डॉक्टर हू' के आगामी सीजन के कार्यकारी निर्माता और लेखक हैं। अतिरिक्त कार्यकारी निर्माताओं में फिल कोलिन्सन, जोएल कोलिन्स, जूली गार्डनर और जेन ट्रैंटर शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## मलयालम सिनेमा में पृथ्वीराज का हुआ धरतीपकड़ धमाका



पृथ्वीराज सुकुमारन साउथ से सबसे उम्दा अभिनेताओं में से एक हैं। सलार के बाद उनकी फिल्म द गोट लाइफ रिलीज हो चुकी है। इस सर्वाइवल ड्रामा फिल्म को लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म में अपनी शानदार अदाकारी के लिए पृथ्वीराज जमकर प्रशंसा बटोर रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को तगड़ा रिस्पॉन्स मिला है। ब्लेसी के निर्देशन में बनी यह फिल्म देश के साथ विदेश में भी जमकर कमाई कर रही है। पहले वीकएंड पर गॉडजिला x कॉन्ग और क्रू का दिखा दबदबा, अन्य फिल्मों का

प्रसिद्ध मलयालम उपन्यास आदुजीविथम पर आधारित यह फिल्म अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। द गोट लाइफ यूएसए बॉक्स ऑफिस पर मिलियन-डॉलर का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज मलयालम फिल्म बन गई है। पहले ही फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर तीन दिनों में 50 करोड़ की कमाई कर ली है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने अपने कलेक्शन में 15 करोड़ और जोड़ लिए हैं, जिससे पहले सप्ताहांत में इसकी कुल कमाई 65 करोड़ हो गई है। यह किसी भी मलयालम सिनेमा के लिए अब तक का सबसे अधिक ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन है। पिछला रिकॉर्ड मोहनलाल की लूसिफर के नाम था। दिलचस्प बात यह है कि पृथ्वीराज सुकुमारन ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। द गोट लाइफ का निर्माण जिमी जीन-लुई ने किया है। इस फिल्म में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है। माना जा रहा है कि अगर यह फिल्म पहले वीकएंड के बाद अच्छी कमाई करती है तो तो यह फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर सकती है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो गोट लाइफ के बाद पृथ्वीराज हिंदी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। फिल्म में वे नकारात्मक भूमिका में दिखेगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं मे हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

### भोजपुरी

## राजनीति और संगीत से संन्यास गुस्साए स्टार पवन सिंह ?



भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह ने अपने करियर में खूब नाम कमाया है। उनकी फिल्मों और गानों को देखना लोग खूब पसंद करते हैं। पवन सिंह ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए बताया है कि आखिर कैसे इंडस्ट्री में उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जाती है। भोजपुरी फिल्मों में अपनी सिंगिंग और एक्टिंग से सभी को इंप्रेस करने वाले एक्टर पवन सिंह का साउथ में जलवा ही अलग है। लेकिन कहा जाता है कि एक्टर के जितने चाहनेवाले हैं उतने ही उनके दुश्मन भी इंडस्ट्री में हैं। पवन सिंह के कंसट्र्स सबसे ज्यादा होते हैं और पवन सिंह के ही कंसट्र्स में सबसे ज्यादा बवाल होता है। उनपर अक्सर अपने गानों के जरिए अश्लीलता फैलाने का आरोप लगता रहता था। अब पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर कुछ स्क्रीनशॉट्स शेयर किए हैं और उन्होंने बताया है कि कैसे उन्हें बदनाम किया जाता है। एक्स (ट्विटर) पर पवन सिंह ने यूट्यूब पर अपने कुछ गानों के थम्बनेल्स शेयर किए हैं। इसमें उन्होंने सिंगर-पॉलिटिक्स बाबुल सुप्रियो पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा- आपने चार गाने का जो पोस्टर पोस्ट किया है, अगर ये चारों पोस्टर, गाने को सही साबित कर देते हैं तो मैं राजनीति और संगीत दोनों से सन्यास ले लूंगा नहीं तो आप पवन सिंह ने इसी क्रम में नेता और सिंगर बाबुल सुप्रियो को भी अपने घेरे में ले लिया और उनका नाम टैग करते हुए उन्हें भी दो टूक सुनाई।

### स्पेस का फैशन

धरती पर तो फैशन के हर आयाम में डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करते हैं। लेकिन पिछले दिनों पेरिस फैशन वीक में डिजाइनरों ने स्पेस थीम पर अपने कलेक्शन प्रदर्शित किए। इसके लिए बाकायदा स्पेस का माहौल बनाया गया और मॉडल को उसी के अनुरूप रैम्प पर उतारा गया। इन अनूठे प्रयोग की दर्शकों ने भरपूर सराहना की।



लाइफ

## रसोई की इन चीजों से हटाएं अपर लिप्स के बाल



महिलाएं अपर लिप्स पर आए अनचाहे छोटे बालों से छुटकारा पाने के लिए पार्लर जाती हैं और हेयर रिमूवल क्रीम, थ्रेडिंग, ब्लीच, वैक्सिंग या अन्य कई तरीके अपनाती हैं। हालांकि यह स्थाई तरीका नहीं है, कुछ दिन बार फिर चेहरे पर बाल नजर आने लगते हैं। कई बार तो महिलाओं के कामकाज में व्यस्तता के कारण पार्लर जाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप घर पर ही अपर लिप्स के बाल आसानी से हटा सकती हैं।

यहां अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय बताए जा रहे हैं। किचन में इस्तेमाल होने वाली चीजों से अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाया जा सकता है।

**आलू का रस:** अनचाहे बालों से चेहरे की खूबसूरती को कम होने से बचाने के लिए ब्लीचिंग क्रीम के तौर पर आलू के रस का उपयोग करें। आलू को काटकर मिक्सी में पीस लें। इस पेस्ट को कपड़े में डालकर अच्छी तरह से निचोड़कर रस निकाल लें। रात में सोने से पहले आलू का रस लगाएं और रात भर लगा रहने दें। सुबह चेहरा धो लें। इस प्रक्रिया को कम से कम तीन बार दोहराएं।

**आटा, हल्दी और दूध:** अनचाहे बालों को हटाने के लिए एक बड़ा चम्मच गेहूं का आटा, एक चम्मच कच्चा दूध और चुटकी भर हल्दी को मिलाकर उबटन बना लें। इसे अपर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। बाद में पानी से धो लें। इस पैक को हफ्ते में तीन-चार तीन दोहराएं।

**दूध और हल्दी:** दूध और हल्दी बहुत काम के होते हैं। एक चम्मच दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अप्पर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन बार करें। इससे अपर लिप्स पर बाल नहीं नजर आते हैं और त्वचा साफ व चमकदार दिखने लगती है।

**चीनी:** अपर लिप्स के बालों को हटाने के लिए चीनी का उपयोग कर सकते हैं। पैन में एक बड़ा चम्मच चीनी और नींबू का रस मिलाकर गाढ़ी होने तक चलाएं। अब इसे अपर लिप्स पर लगा लें। ध्यान रखें कि यह बहुत अधिक गर्म न हो। 15 मिनट तक अपर लिप्स पर चीनी का पेस्ट सूखने दें, फिर पानी से धो लें। हर दूसरे दिन इसे लगा सकते हैं।

## ईद पर पहननी है साड़ी तो देखें इन अभिनेत्रियों का कलेक्शन








रमजान खत्म होने वाले हैं और ईद का त्योहार आने वाला है। ईद इस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व है। ईद उल फितर को 'चांद रात' भी कहा जाता है। यह त्योहार रमजान महीने के अंत में आता है, जो कि मुस्लिमों के लिए अत्यंत पवित्र माह है। रमजान में रोजा रखकर और अल्लाह की इबादत करके मानवता और सच्चाई का प्रसार किया जाता है। ईद लोगों को एक साथ लाता है। इस दिन लोग एक दूसरे से मिलते हैं। लजीज पकवानों का स्वाद चखते हैं और मिलकर त्यौहार मनाते हैं। इस मौके पर बच्चे से लेकर बड़े तक सभी नए और सुंदर कपड़े पहनकर तैयार होते हैं।

महिलाएं ईद के मौके पर सुंदर और आकर्षक दिखने के लिए साड़ी पहन सकती हैं। यहां ईद के लिए अभिनेत्रियों की कुछ लेटेस्ट साड़ी डिजाइन दिए जा रहे हैं। इस तरह की साड़ियां ईद पर आप पर भी बेहद जचेंगी और हर किसी की नजर आपके ऊपर टिक जाएगी।

आलिया भट्ट का साड़ी कलेक्शन बेहद खूबसूरत है। वैसे तो अभिनेत्री अधिकतर वेस्टर्न आउटफिट में नजर आती हैं लेकिन किसी इवेंट या फिल्म प्रमोशन के दौरान आलिया भट्ट की खूबसूरत साड़ियों का कलेक्शन देखने को मिलता है। आलिया की यह पीली साड़ी त्योहार के मौके पर काफी सुंदर लुक दे सकती है। ईद पर नेट एम्ब्रायडरी वाली इस साड़ी से खुद को स्टाइल कर सकती हैं।

हल्की और सिंपल स्टाइल साड़ी में क्लासी लुक चाहिए तो पूजा हेगड़े की इस साड़ी से कुछ आइडिया ले सकते हैं। गर्मी का मौसम है, ऐसे में इस तरह के रंगों का चयन आंखों को सुकून देने वाला और सहज होगा। कलर के साथ ही साड़ी के प्रिंट का चयन भी अपने बॉडी शेप के मुताबिक करें।

## 15 मिनट में घर पर करें नेल आर्ट हाथों के नाखून दिखेंगे सुंदर



हम सभी चाहते हैं हमारे हाथ और नाखून सुंदर नजर आएं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारे डिजाइन होते हैं जो 15 मिनट में बन जाते हैं। जानते हैं किन डिजाइन को आप ट्राई कर सकती हैं।

### ग्लिटर नेल आर्ट

अगर आपको नए डिजाइन से नेल आर्ट करनी है तो इसके लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। यह 15 मिनट में जो जाती है। इसके लिए आपको एक टेप लेनी है। इसके बाद इसे अपने नाखूनों पर तिकोना करके लगानी है। फिर इसके एक तरह मैट कलर को इस्तेमाल करना है और दूसरी तरफ ग्लिटर कलर को लगाना है। इस तरीके से आपका नेल आर्ट हो जाएगा।


### सिंपल नेल आर्ट

अगर आप किसी पार्टी में जानें के लिए लेट हो रही हैं और नेल आर्ट कराने का समय नहीं मिला है तो ऐसे में आप घर पर इसे 15 मिनट में कर सकतीहैं। इसके लिए आपको दो अलग-अलग कलर लेने हैं। इसके बाद 3 उंगली के नाखूनों पर एक कलर को लगाना है और 2 पर किसी और कलर को लगाना है। आप चाहें तो एक बीच में लाइन खींचकर साइड में दूसरे कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। साथ में एक पतली स्टिक की मदद से जिक जैक पैटर्न क्रिएट कर सकती हैं। इस तरीके से आप घर पर ही नेल आर्ट कर सकती हैं।

### फ्रेंच नेल आर्ट

नेल आर्ट में काफी सारे डिजाइन आपको स्टूडियो में देखने को मिल जाएंगे। लेकिन इन्हें कराने से पहले जब रेट पूछते हैं तो करने का मन नहीं करता है। ऐसे में आप इस डिजाइन को टेप और अलग कलर की नेल पेंट की मदद से घर पर ही कर सकती हैं। इसके लिए आपको टेप को ट्राइएंगल डिजाइन में नाखूनों के आगे वाले हिस्से में लगाना है।

## इस नवरात्रि हाथों पर खूब जचेंगे लाल-हरी चूड़ियों के ये नए सेट



चैत्र नवरात्रि आने वाली हैं और इस मौके पर हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप लाल-हरे रंग की चूड़ियों को हथेली पर सजा सकती हैं। देखते हैं इनके कुछ नए और खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-

**गोल्डन और ग्रीन चूड़ी डिजाइन :** गोल्डन के साथ वैसे तो कई अलग-अलग रंगों की चूड़ियों को पहना जा सकता है। नवरात्रि के लिए ग्रीन कलर लगभग सब तरह के कपड़ों के साथ खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इनके साथ आप पतली वाली गोल्डन कलर की चूड़ियों को मिलाकर सेट बना सकती हैं। साथ ही, फैंसी लुक के लिए आप कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

**लाल और पीली चूड़ी डिजाइन :** लाल के साथ हरे रंग के आलावा पीला रंग भी काफी खूबसूरत कलर कंट्रास्ट बनाने में मदद करता है। इस तरह में आप चाहे तो हरे रंग को भी शामिल कर सकती हैं। इन तीनों रंगों को मिलाकर चूड़ी का सेट बना सकती हैं। साथ ही बीच में चौड़े साइज का कंगन भी आप पहन सकती हैं। इसमें आपको मिरर वर्क और स्टोन डिजाइन के अलावा ग्लिटर में भी चूड़ियों और कंगन के काफी डिजाइंस मिल जाएंगे।

**मिरर वर्क चूड़ी डिजाइन सेट:** मिरर वर्क को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। फैंसी और हैवी डिजाइन की चूड़ियों को आप प्लेन कपड़ों के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आप चाहे तो कपड़ों के कलर के हिसाब से अलग-अलग रंग भी चुन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो खास टिप्स जान लीजिए।

### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक आपको मिलेगा ड्रेसिंग टिप्स अपनाने से

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं जरूरी टिप्स, स्टाइलिश और मिनिमल लुक पाइए



**सफेद शर्ट सबकी फेवरेट:** सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

**जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज:** जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज में सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस को पहचान लीजिए।

**ब्लेजर हैं बेस्ट:** ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

**डबल स्लीव्स वाला फैशन:** कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।



7- APR-Jash-RAGH-CORIY- JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/7/2024 7:52 PM Page 1





# रामायण के सेट से तस्वीरें लीक, मोबाइल पर लगा बैन

**मुंबई।** फिल्म रामायण के सेट से लगातार तस्वीरें लीक हो रही हैं। इन सभी बातों से डायरेक्टर नितेश तिवारी काफी अपसेट हैं। सबसे पहले फिल्म रामायण के सेट की इंटरनेट पर तस्वीरें लीक हुईं। अब सोशल मीडिया पर दशरथ बने अरुण गोविल और कैकयी बनीं लारा दत्ता का लुक रिवील हो गया है। लंबी दाढ़ी और बालों में अरुण गोविल को पहचान पाना मुश्किल है। यूं स्टार्स की फोटोज लीक होने से मेकर्स काफी परेशान हैं। इसलिए अब डायरेक्टर नितेश तिवारी ने अहम फैसला लिया है। सूत्र के हवाले से बताया कि सेट पर नो फोन पॉलिसी लागू की गई है।

## लाइफ Style



# अदा

## मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा पिछले दिनों द केरल स्टोरी को लेकर खूब चर्चा में रहीं। इसके बाद अदा 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' में भी नजर आईं। लेकिन, फिल्म को द केरल स्टोरी की तरह सफलता नहीं मिल पाई। पिछले दिनों अदा एक और वजह से चर्चा में थीं। अभिनेत्री कुछ समय पहले दिवंगत बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई वाले अपार्टमेंट के बाहर नजर आई थीं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस को सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट के बाहर देखे जाने के बाद ऐसी चर्चा होने लगी कि अभिनेत्री अभिनेता के अपार्टमेंट को या तो खरीदने वाली हैं या फिर यहां वह किराये से रहेंगी। हालांकि, अब तक अदा ने इन खबरों पर चुप्पी साध रखी थी। एक इंटरव्यू में अदा शर्मा ने सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट के बाहर खुद को देखे जाने पर रिएक्शन देते हुए कहा, फिलहाल मैं बस यही कहना चाहूंगी कि मैं सभी के दिलों में रहती हूं। बोलने का एक सही समय होता है। जब मैं वह जगह देखने गई थी तो मीडिया का ध्यान देखकर हैरान रह गई थी। मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं। मुझे अपनी फिल्मों के लिए लोगों की नजरों में रहना पसंद है, लेकिन मैं हमेशा ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर प्राइवेट रही हूं। मैं अपनी प्राइवेसी की रक्षा करती हूं।

अदा ने आगे कहा, 'मुझे लोगों का ढीले-ढाले कमेंट करना पसंद नहीं है मुझे यह पसंद नहीं आया। मैंने उनके बारे में कुछ कमेंट पढ़े। मेरा मतलब है, आप मुझे ट्रोल कर सकते हैं, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति को ट्रोल न करें जो वहां मौजूद नहीं है या जिसके बारे में बोलने के लिए कोई नहीं है। मैं जल्द ही इस बारे में बोलूंगी कि मैं कहां रहती हूं, लेकिन अभी मैं लाखों लोगों के दिलों में रह रही हूं, वो भी बिना किराये के।

## फिल्मी मसाला



# खरीदा 500 करोड़ का घर...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की लिस्ट जोड़ी जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक इन दिनों न्यूयॉर्क में घर की तलाश में व्यस्त हैं। हालांकि, अगर हम उनके लॉस एंजेलिस वाले घर की बात करें तो उन्होंने इसे हमारे देश के सबसे अमीर बिजनेसमैन की लिस्ट में शामिल मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी और आनंद पीरामल से खरीदा था। जेनिफर और बेन ने पिछले साल जून में ईशा से यह घर खरीदा था। बेवर्ली हिल्स के ठीक बीच में स्थित यह आलीशान बंगला 38,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है।




# भुवन बाम की ताजा खबर 2 का टीजर जारी

**मुंबई।** यूट्यूबर और एक्टर भुवन बाम की हिट वेब सीरीज 'ताजा खबर' के दूसरे सीजन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। हिमांक गौर द्वारा निर्देशित 'ताजा खबर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इसे जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। 'ताजा खबर 2' के टीजर की शुरुआत भुवन बाम के किरदार वस्या से होती है, जो कहता है कि जिंदगी बड़ी अजीब है। कभी कभी मौत से शुरू होती है।
सीरीज की कहानी वंसत गावड़े उर्फ वस्या की है और भुवन बाम ने उसी का किरदार निभाया है। एक भयानक खुलासे और तनावपूर्ण रिश्तों के बीच, यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसे अचानक जादुई शक्तियां मिल जाती हैं। उससे उसकी जिंदगी में भारी उथल-पुथल मच जाती है।



# दो और दो प्यार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अपनी आखिरी प्रदर्शित फिल्म नीयत में अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित करने वाली विद्या बालन इन दिनों अपनी अगली प्रदर्शित होने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे प्रतीक गांधी के साथ दिखाई देंगी, जो हाल ही में प्रदर्शित हुई मडगांव एक्सप्रेस में नजर आए थे। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' का ट्रेलर जारी हो चुका है। विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति अभिनीत फिल्म रोमांस की नई परिभाषा सिखाएगी। फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, इमोशन और रोमांटिक ट्विस्ट के साथ काफी दिलचस्प लग रहा है। ट्रेलर में दर्शक दो विवाहित जोड़ों की झलक देखते हैं, जो अपने रिश्तों में फिर से चिंगारी जगाने की कोशिश कर रहे हैं।



# 14 साल बाद हुआ फरदीन खान का कमबैक

**मुंबई।** फरदीन खान जहां 'हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार' के जरिए 14 साल बाद एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, रियल लाइफ पिता-पुत्र की जोड़ी भी सीरीज में दमदार रोल निभाते हुए नजर आएंगे। उनके लुक भी फिल्म से रिवील हुए हैं। इनके अलावा एक और हीरो का लुक भी रिवील किया गया है। 'हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार' से फरदीन का लुक रिवील किया गया है। फरदीन खान ने वली मोहम्मद का किरदार निभाया है। वली मोहम्मद एक ऐसा नवाब है, जो हीरामंडी की महिलाओं के साथ खड़ा है और उको सपोर्ट करता है। फरदीन खान ने अपने इस किरदार को लेकर एक्साइटमेंट जताई है. उन्होंने कहा कि इस तरह के किरदार के साथ अपना नेटफ्लिक्स डेब्यू करना स्क्रीन पर एकदम सही कमबैक जैसा लगता है।



# एक्शन से भरपूर रुसलान का ट्रेलर लॉन्च




**मुंबई।** एक्टर आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म 'रुसलान' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर और गाने पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुके हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर काफी उत्साह है। इस पावर पैक्ड एक्शन फिल्म में आयुष शर्मा का किरदार बेहद खतरनाक लग रहा है। मेकर्स ने फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी लगाया है। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी लगाया है। ट्रेलर में आयुष शर्मा के अलावा जगपति बाबू, सुश्री मिश्रा और सुनील शेट्टी भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में जहीर इकबाल भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। रुसलान' का निर्देशन करण ललित बुटानी ने किया है। वहीं, केके राधामोहन ने इसे प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर से पहले मेकर्स ने फिल्म के दो गाने रिलीज किए हैं, जो लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।



# 48 की उम्र में जागी शादी करने की इच्छा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन आखिरी बार वेब सीरीज ताली और आर्या 3 में नजर आई थीं। दोनों सीरीज से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। इसके अलावा वह अपनी पर्सनल लाइफ (सुष्मिता सेन वेडिंग प्लान) को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस अपने रिलेशनशिप और बॉयफ्रेंड को लेकर काफी सुर्खियों में रहीं। वहीं फैंस को अब उनकी शादी का इंतजार है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी शादी के प्लान के बारे में बात की है। शादी करने के सवाल पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह शादी जरूर करेंगी। उन्होंने कहा, 'यह कभी भी 'कभी नहीं' वाली स्थिति नहीं थी। चाहे जैविक घड़ी हो या समाज के नियम, ये कभी भी शादी करने का सही कारण नहीं है। जहां तक मेरी बात है तो अगर मेरे सामने वाला शख्स सही है और मेरे सभी मानकों पर खरा उतरता है तो मैं जरूर शादी करूंगी।'

पर्सनल लाइफ की बात करें तो सुष्मिता लंबे समय से रोहमन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खबरों में हैं। इस जोड़े ने 2018 में डेटिंग शुरू की और 2021 में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों ने अपने ब्रेकअप की घोषणा की। हालांकि वे आज भी साथ देखे जाते हैं।

# जैकलीन के किलर डांस मूव्स ने सोशल मीडिया पर लगाई आग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस पहले ही अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से दर्शकों को प्रभावित कर चुकी हैं। अब बारी है उनके कातिलाना डांस मूव्स की। हाल ही में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का एक हॉट वीडियो सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस अपने हिट गाने2 'यिम्मी यिम्मी' पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस डांस वीडियो में एक्ट्रेस का इस गाने के लिए ट्रेनिंग सेशन दिखाया गया है। इसमें एक्ट्रेस अपने दो को-डांसर्स के साथ जोरदार प्रैक्टिस करती नजर आ रही थीं। सामने आए इस वीडियो में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस व्हाइट शॉर्ट स्कर्ट और ब्लाउज के साथ 'यिम्मी यिम्मी' गाने पर डांस कर रही हैं। ये देखकर लोग हैरान रह गए।

इस वीडियो में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं। उनके मूव्स ने इंटरनेट पर आते ही तहलका मचा दिया। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग इस पर जमकर कमेंट करते नजर आए। इस वीडियो को देखने के बाद एक यूजर ने उनकी तुलना नोरा फतेही से कर दी। तो एक यूजर ने उन्हें नोरा फतेही से बेहतर बताया है। वहीं कई यूजर्स का मानना है कि एक्ट्रेस ने नोरा फतेही को छोड़ दिया है।

# सुचित्रा ने कई अवाड्र्स को मारी थीं ठोकर

## फिल्म फ्लाप होने पर खुद को कमरे में किया नजरबंद



**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री की दिग्गज अभिनेत्री सुचित्रा सेन एक समय इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस थीं। देवदास में पारो का किरदार निभाकर उन्होंने दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी। भले ही एक्ट्रेस अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी लोग उनके सदाबहार गाने गुनगुनाने से खुद को नहीं रोक पाते हैं। सुचित्रा सेन का रुतबा इंडस्ट्री में ऐसा रहा है कि जो हसीनाएं राज कपूर जैसे दिग्गज सितारों की फिल्में करने के लिए तरसती थीं, वो छोटी-छोटी बातों पर फिल्में ठुकरा देती थीं।

### कम उम्र में शादी हो गई



पहले के समय में शादी बहुत जल्दी हो जाती थी। सुचित्रा सेन की शादी भी महज 15 साल की उम्र में हो गई थी। वर्ष 1947 में उनके पिता ने उनकी शादी दिबानाथ सेन से कर दी। दिबानाथ सेन उस समय एक सफल व्यवसायी थे। शादी के ठीक एक साल बाद सुचित्रा सेन 16 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गईं। उनकी बेटी मुनमुन सेन थीं, जो इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं।

### सुचित्रा सेन का फ़िल्मी करियर

सुचित्रा सेन ने अपने करियर की शुरुआत शादी के बाद की। उन्होंने 1952 में बंगाली फिल्म 'सारे चतुर' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उनका बॉलीवुड डेब्यू 1955 में फिल्म 'देवदास' से हुआ था। इस फिल्म में पारो का किरदार निभाकर सुचित्रा रातों-रात स्टार बन गईं।

### राज कपूर का प्रस्ताव ठुकरा दिया गया

सुचित्रा सेन एक शीर्ष अभिनेत्री होने के साथ-साथ बेहद स्वाभिमानी भी थीं। उन्होंने राज कपूर की फिल्म सिर्फ इसलिए रिजेक्ट कर दी थी क्योंकि राज कपूर का झुककर फूल देने का तरीका उन्हें पसंद नहीं आया था। इसके अलावा उन्होंने दिग्गज सिनेमा निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म भी ठुकरा दी थी। साल 2005 में उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने के लिए बुलाया गया था। सुचित्रा ने इसे भी खारिज कर दिया। वजह ये थी कि उन्हें कोलकाता से दिल्ली जाना था।

### खुद को कमरे में कैद कर लिया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुचित्रा सेन ने एक बार खुद को एक छोटे से कमरे में कैद कर लिया था। वह 36 साल तक कमरे में बंद रहीं। यहां तक कि उनके परिवार को भी उनसे मिलने नहीं दिया गया। दरअसल, उनकी आखिरी फिल्म 'प्रोनॉय पाश' फ्लॉप रही थी, जिससे उन्हें काफी सदमा लगा था। फेफड़ों में संक्रमण के कारण 17 जनवरी 2014 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन के बाद सुचित्रा सेन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

7-APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-4_Layout 1 4/7/2024 8:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप




### लोकसभा मतदान का जनता ने किया बहिष्कार

**कोरिया कॉलरी।** जब कभी भी किसी भी स्तर का चुनावी बिगुल बजती है तो सभी पार्टी के नेता के कान खुल जाते हैं और जनता की याद सताने लगती है। इसी बीच जनता के बीच जाकर विकास की वादे करते हुए बकायदा घोषणा पत्र घर-घर पहुंचाए जाते हैं और तमाम निजी और सरकारी संगठनों द्वारा मतदान को लेकर जनता को जागरूक करने की कवायद शुरू कर दी जाती है। हालांकि यह बात लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि जनता मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले, मगर जब जनता को अपने ही द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों से विकास कार्य की अनदेखी का आभाष होने लगता है ,तब मजबूर जनता अपने स्वतंत्र फैसले लेने को मजबूर हो जाती है, लिहाजा ऐसा ही कुछ दिन पूर्व वाक्या देखने को मिला, जहां गेल्हापानी में कुछ जगहों में बकायदा पोस्टर-फ्लेक्स लगाए गए, इसमें लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का साफ इरादे की झलक देखने मिला, साथ ही नागरिकों का शासन -प्रशासन के प्रति नाराजगी के भाव भी नजर आया। फ्लेक्स में शासन-प्रशासन के द्वारा की गई अनदेखी एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी होने की बात लिखा मिला। अपने आप में यह पहला मौका होगा, जहां मतदान के बहिष्कार करने की बात का प्रचारित तरीका अपनाया गया।

### हिंदू नववर्ष पर भव्य शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक



**ओड़गी।** हिंदू नववर्ष पर भोड़िया बाबा धाम से कुदरगढ़ तक भव्य शोभायात्रा की तैयारी को लेकर सर्व हिन्दू समाज ने ओडगी भोडिया बाबा के चरण स्थल मंच में बैठक आयोजित की। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओड़गी भोडिया प्रांगण से कुदरगढ़ तक भव्य शोभायात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि भोढ़िया बाबा धाम प्रांगण में एकत्रित होकर दोपहर 12 बजे से भव्य शोभायात्रा बाइक रैली निकालते हुए गाजे-बाजे के साथ कुदरगढ़ धाम तक जाएंगे जहां यात्रा का समापन होगा। सभी हिंदू समाज के लोगो को हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शोभायात्रा में भारी संख्या में हर्षोल्लास से भाग लेने कहा गया। बैठक के दौरान हर्षित गुर्जर, राजेश तिवारी, मोहनराम राजवाड़े, रोहन देवांगन, संतोष सिंह, लवकेश गुर्जर, चंद्रभान राजवाड़े, विभीषण यादव, आशीष प्रताप, विजय गुर्जर सिंह, गौरी सिंह, मनीष प्रताप सिंह,कन्हैया सोनी, पवन सिंह, सुजान गुर्जर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अग्रवाल महिला मंडल द्वारा बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



**विश्रामपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जयनगर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत सरकारी स्कूल में चलाए जा रहे न्योता भोजन कार्यक्रम में शनिवार को अग्रवाल समाज की महिला मंडल बिश्रामपुर द्वारा बच्चों को न्योता भोजन परोसा गया। न्योता भोजन का उद्देश्य भोजन के पौष्टिक मूल्य में वृद्धि के साथ-साथ समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करना है। सामुदायिक भागीदारी के जरिए बच्चों को ज्यादा पोषक और रुचिकर भोजन प्रदान करने की बात सरकार द्वारा की गई है। इसके तहत शनिवार को अग्रवाल समाज की महिला मंडल विश्रामपुर द्वारा नमकीन व मीठा परोसा गया। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष रीता गोयल एवं उनके मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित होकर बच्चों को न्योता भोजन कराया। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठिका ममता मंडल, अन्य शिक्षक मारियम एंजेला बेक, सोमा घोष, आशीष पांडेय, विवेक चंद्रवंशी एवं शाला के अन्य स्टाफ मौजूद थे।

### न्योता भोज में शामिल हुए आंगनबाड़ी व स्कूल के बच्चे

**प्रतापपुर।** प्राथमिक शाला डूमरखोली में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला डूमरखोली के प्रधान पाठक संजय कुमार चतुर्वेदी के पुत्र सौरभ चतुर्वेदी के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल व आंगनबाड़ी के छात्र छात्राएं, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता, सहायिका, प्राथमिक शाला के शिक्षक इसाक राम स्कूली बच्चों के अभिभावक सहित प्रधान पाठक गिरजा शंकर पांडे, शिक्षक, उज्जैन यादव, शैलेश जायसवाल सहित गांव अन्य लोग उपस्थित रहे।

## निधन

### सत्यनारायण गुप्ता

**बैकुण्ठपुर।** शहर के बाल मंदिर प्रांगण के समीप संचालित शिवम इलेक्ट्रिकल्स दुकान के संचालक राजू-रवि गुप्ता के पिता सत्य नारायण गुप्ता का आकस्मिक निधन 6 अप्रैल को हो गया। इनका अंतिम संस्कार 7 अप्रैल को पैतृक निवास फतेहपुर उत्तर प्रदेश में किया गया। स्व. गुप्ता अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### छुरी सर्किट बंद होने से 1 घंटे तक ठप रही जिले भर की बिजली

# गड़बड़ी के बाद नहीं सुधरी विद्युत व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पावर जेनरेशन प्लांट में आई तकनीकी गड़बड़ी का निराकरण नहीं होने से अभी भी बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। पावर जेनरेशन कंपनी द्वारा उपलब्ध बिजली से शहरी क्षेत्रों की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी रोटेशन पर बिजली उपलब्ध कराई जा रह है। विद्युत आपूर्ति कब तक सुचारू हो पाएगी इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। कोरबा ईस्ट की दो विद्युत उत्पादन इकाइयों में तकनीकी खराबी आने के कारण शुक्रवार को उत्पादन ठप हो गया था जिससे शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग की आपूर्ति बंद हो गई थी। काफी प्रयासों के बाद शाम 3 बजे शहर के विभिन्न वार्डों में रोटेशन पर विद्युत आपूर्ति शुरू की गई। रात 9 बजे विद्युत की उपलब्धता बढ़ने पर शहर की आपूर्ति सुचारू की गई।

जेनरेशन प्लांट में आई तकनीकी खराबी को 24 घंटे से अधिक समय गुजरने के बावजूद अभी तक दुरूस्त करने में सफलता नहीं मिल पाई है। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। आवश्यकता के अनुरूप बिजली उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी ब्लैक आउट की स्थिति है विभाग जैसे-तैसे रोटेशन पर थोड़ी-थोड़ी देर बिजली उपलब्ध करा रहा है ताकि ग्रामीण पानी भरने सहित अन्य आवश्यक कार्य पूरा कर सकें। भीषण गर्मी में लगातार दो दिनों तक बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण लोगों में कोहराम मच गया है। शुक्रवार को बिजली बंद होने का कारण जानने लोग फ्यूज कॉल सेंटर से लेकर अधिकारियों तक लगातार फोन लगाते रहे। यह सिलसिला शनिवार को भी चलता रहा।

**खास बातें**
- एकमात्र बांगों सर्किट से हो रही आपूर्ति
- ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी रोटेशन पर आपूर्ति



#### दोपहर में फिर बंद हुई आपूर्ति

पावर जेनरेशन प्लांट में आई तकनीकी खराबी का निराकरण नहीं होने के कारण अभी भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हुई है। शनिवार को दोपहर 12.40 बजे अचानक शहर की विद्युत आपूर्ति फिर से ठप हो गई विद्युत अधिकारियों ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया। पावर स्टेशन के उपकरणों की जांच में फिर कोरबा से विद्युत आपूर्ति ठप होने की जानकारी मिली। पावर जेनरेशन कंपनी के अधिकारियों से चर्चा करने पर जानकारी मिली कि छुरी स्थित विद्युत सब स्टेशन में आई तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बंद हो गई है। फिर बांगों सर्किट से आपूर्ति शुरू की गई तो एक घंटे बाद शहर की विद्युत व्यवस्था सुचारू हुई। अधिकारियों ने बताया कि सरगुजा की बिजली आपूर्ति बांगों एवं छुरी सब स्टेशन के माध्यम से होती है। तकनीकी खराबी आने के कारण छुरी सर्किट की आपूर्ति दोपहर 12 बजे से बंद है। अब एकमात्र बांगों सर्किट से आपूर्ति की जा रही है।

#### जरूरत 300 मेगावाट की आपूर्ति 180 मेगावाट

कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार ने बताया कि शहर संभाग को प्रतिदिन 220 मेगावाट बिजली की जरूरत पड़ती है। इसी तरह ग्रामीण विद्युत संभाग को हर दिन 70 मेगावाट बिजली की जरूरत पड़ती है पावर जेनरेशन प्लांट में तकनीकी खराबी आने के बाद शहर संभाग के लिए 150 मेगावाट तथा ग्रामीण संभाग के लिए मात्र 30 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही है। कम बिजली उपलब्ध होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार से ही प्रभावित है। ग्रामीण विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता रोशन नामदेव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के सब स्टेशनों को बारी-बारी से चालू किया जा रहा है ताकि आवश्यक कार्यों पर प्रभाव न पड़े। विकासखण्ड मुख्यालयों की आपूर्ति सुचारू रखने का प्रयास किया जा रहा है।

#### घनघना रही फोन की घंटियां

विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने के बाद लगातार घनघना रही फोन की घंटियों से विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी परेशान हैं। फ्यूज कॉल सेंटर हो या विद्युत सब स्टेशन या फिर अधिकारी-कर्मचारी सभी शुक्रवार की दोपहर से लगातार बज रहे फोन व मोबाइल की घंटियों से परेशान हैं। शुक्रवार को लगातार जवाब देने के बाद परेशान कर्मचारियों ने अब फोन उठाना भी बंद कर दिया है। भीषण गर्मी में कूलर व एसी नहीं चलने के कारण लोग भी हलाकाम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्मी से बेहाल है। यही हाल बलरामपुर, सूरजपुर सहित संभाग के अन्य जिलों का है।



## संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ लगा भंडारा

**मनेन्द्रगढ़।** अंबिकापुर रोड बड़े हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन 6 अप्रैल को किया गया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत मंदिर के पुजारी महंत श्री-श्री 108 रामेश्वर दास जी महाराज द्वारा आयोजक मृत्युंजय चतुर्वेदी, श्रीमती सुनीता चतुर्वेदी एवं परिवार के सदस्यों सहित स्थानीय महिला-पुरुषों के द्वारा श्री हनुमान जी की आरती की गई।

आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन रखा गया। इसमें काफी संख्या में स्थानीय महिला-पुरुष उपस्थित होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किए। इस अवसर पर नगर की प्रथम महिला श्रीमती प्रभा पटेल, किरण सिंह, सुनीता चतुर्वेदी, शीला सिंह, विभा मिश्रा, मृत्युंजय चतुर्वेदी, लखनलाल श्रीवास्तव ,रामचरित द्विवेदी, प्राचार्य वेद प्रकाश पांडे, झगराखांड़ सेंट्रल स्कूल के प्रिंसिपल श्री चौबे, श्रीमती सरोज तिवारी, सावित्री तिवारी, राधिका तिवारी, सरिता पांडे, संध्या तिवारी, शिवकुमार चतुर्वेदी, काशीनाथ चतुर्वेदी, श्यामचरण चतुर्वेदी, विद्या चरण चतुर्वेदी, चंद्रधर चतुर्वेदी, अतुल मिश्रा, विनोद तिवारी ,रामकृष्ण तिवारी, रितेश पांडे, ममता ओझा, सोनी गुप्ता, अधिवक्ता राजेन्द्र तिवारी, सुरेश सोनी, विनीत जायसवाल, नरेन्द्र अरोड़ा, चरणजीत सिंह सलूजा, शिक्षक श्री राय, बृजेश तिवारी सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

**खास बात**
- बड़े हनुमान मंदिर में हुआ आयोजन

## अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सन्ना निवासी सविता आ. देव कुमार (17 वर्ष) 1 अप्रैल को घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन युवती को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां शुक्रवार की शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में कांसाबेल अंतर्गत ग्राम मरीयमटोली निवासी अकलेश टोप्पो आ. जेरोम टोप्पो (34 वर्ष) गुरुवार को परिजन उसे गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि वह शराब पीने का आदि था। इसी प्रकार एक अन्य घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम जाम दोहर निवासी परमेश्वर एक्का आ. गेदवा एक्का (37 वर्ष) गत दिन अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# ईंट भट्ठों से 150 टन कोयला, 3 लाख ईंट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस व खनिज विभाग की टीम ने शहर से लगे क्षेत्रों में संचालित ईंट भट्ठों में दबिश दी है। संयुक्त टीम ने ईंट भट्ठों से 150 टन अवैध कोयला बरामद करने के साथ ही नोटिस जारी किया है। वहीं टीम ने मौके से 3 लाख से अधिक ईंट को जब्त किया गया है। टीम द्वारा एक ईंट भट्ठा संचालक के विरुद्ध अवैध उत्खनन के विरुद्ध भी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि शहर से लगे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर ईंट भट्ठा संचालित है। इन ईंट भट्ठों में आस पास के कोयला खदानों से लाकर अवैध रूप से कोयला खपाया जा रहा है और अवैध कोयले से ईंट बनाने का काम किया जा रहा है। ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर गांधीनगर पुलिस व खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम सुखरी, सोनपुर, सोनपुर खुर्द, रनपुरकला, बांकीपुर स्थित आठ ईंट भट्ठा में दबिश दी गई। इस दौरान संचालकों द्वारा अवैध कोयले से ईंट पकाने का काम किया जा रहा था और जब उनसे भंडारित कोयले के दस्तावेज की मांग की गई तो वे दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। टीम द्वारा अरूण गोयल, प्रहलाद गोयल, अम्बर सिद्दीकी, अजीम खान, किरण गोयल सहित अन्य लोगों से पूछताछ की। कुछ लोगों ने बटवाही, कुसमुंडा सहित अन्य स्थानों को रॉयल्टी पर्ची दिखाई लेकिन अधिकारी उनसे संतुष्ट नहीं हुए। ऐसे में ईंट भट्ठों में भंडारित 150 टन कोयले के दस्तावेज पेश करने संचालकों को नोटिस जारी किया गया। मौके पर पाया गया कि सीपी शुक्ला द्वारा बिना अनुमति के नियम विरुद्ध तरीके से अवैध उत्खनन कर ईंट बनाने का काम किया जा रहा था ऐसे में खनिज विभाग द्वारा सीपी शुक्ला के खिलाफ अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया है। वहीं कार्रवाई के दौरान टीम ने 3 लाख से अधिक पके हुए ईंट को जब्त किया गया है। खनिज निरीक्षक ने बतया कि सभी ईंट भट्ठों को कोयला भंडारण के संबंध में आवश्यक दस्तावेज संधारित करने, भट्ठा क्षेत्र में नोटिस बोर्ड लगाने और आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के लिए निर्देश दिये गए हैं।

- खनिज व पुलिस विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई, अवैध उत्खनन का मामला दर्ज



### विक्षोभ के प्रभाव से बढ़ी बादलों की आवाजाही

**राजपुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। मौसम विज्ञानी भविष्य में बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने एवं ओलावृष्टि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पछुआ विक्षोभ तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा मध्य भारत में इसके रविवार को पहुंचने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं तेज हवा चलने एवं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने एवं ओले गिरने की संभावना है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ का प्रभाव बिलासपुर जिले में अधिक पड़ने की संभावना जता रहे हैं।



## हाथियों ने अज्ञात व्यक्ति को मारा जंगल में मिला सड़ा-गला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक ग्रामीण की सूचना पर वन अमले ने जलपरी झरने के पास एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद किया है। व्यक्ति को 2-3 दिन पूर्व हाथियों द्वारा कुचलने की संभावना जताई जा रही है। वन परिक्षेत्र मैनपाट के परपटिया जंगल में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव मिला है। जंगल में लकड़ी लेने पहुंचे ग्रामीण ने शव देखा तो वनकर्मियो को सूचना दी। पास में हाथियों के पांव के निशान एवं मृतक का चप्पल, गमछा व त्रिशुल मिलने व शव के कुचला होने के कारण व्यक्ति की मौत हाथियों के हमले में होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को वनकर्मियों ने जलपरी झरने पास अकेले घूमते देखा तो 2 अप्रैल को उसे मछली पाइंट के पास लाकर छोड़ दिया था। अनुमान लगाया जा रहा है व्यक्ति वापस जंगल में गया होगा जंहा उसका सामना हाथियों से हुआ होगा। मृतक की शिनाख्त नहीं होने के कारण उसे पास में ही दफना दिया गया है।

### एसडीएम ने समीक्षा बैठक के पश्चात किया स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण

**प्रतापपुर।** कलेक्टर के दिशा निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमकोला में एसडीएम ललिता भगत ने समीक्षा बैठक सहित स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण किया। समय सीमा पर संपूर्ण शासन के निर्देशों का पालन एवं कार्य योजना पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ तहसीलदार पुष्पराज द्वारा बैठक लेते हुए अपने निर्धारित समय पर कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिया।

## ब्लास्ट के बाद सड़क पर गिरे पत्थर के ढेर, बाल-बाल बचा युवक

**राजपुर।** क्रेशर खदान में नियमों को ताक में रखकर की जा रही ब्लास्टिंग लोगों की जान के लिए खतरा बन गई है। शुक्रवार को भी क्रेसर खदान में की गई ब्लास्टिंग के बाद बड़े बड़े पत्थर सड़क पर आकर गिरे। इस दौरान लोग आसमान से गिरते पत्थरों से बाल बाल बच गए। इस घटना को लेकर युवक द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई है और मामले में दोषी क्रेशर संचालक पर कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें कि क्षेत्र में कई क्रेशर प्लांट संचालित है। क्रेशर प्लांट में गिट्टी निकालने के लिए ब्लास्टिंग की जाती है लेकिन इस दौरान प्लांट संचालक सुरक्षा मानकों का पालन किए बिना मनमाने ढंग से ब्लास्टिंग कर रहे है। लोगों को ब्लास्टिंग की सूचना नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं ब्लास्टिंग में अधिक मात्रा में बारूद का उपयोग किया जा रहा है और इसी का परिणाम है कि गिट्टी दूर तक आकर सड़कों पर गिर रहे है। ऐसे ही एक हादसे में सड़क पर चल रहे लोग दुर्घटना का शिकार होने से बाल बाल बच गए। बताया जा रहा है कि ग्राम बरियों निवासी विकास अग्रवाल दोपहर दो बजे भिलाई स्थित पेट्रोल पम्प गए हुए थे और बाइक में पेट्रोल डलवाकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान अचानक आसमान से पत्थर के बड़े बड़े टुकड़े सड़क पर आकर गिरने लगे। गनीमत रही कि बाइक सवार विकास अग्रवाल के साथ ही सड़क पर चल रहे अन्य लोग बाल बाल बच गए लेकिन इस घटना के बाद लोग दहशत में आ गए।

- थाने में शिकायत, क्रेशर संचालक नहीं कर रहे नियमों का पालन

# घोघरा नहर में मिला ग्रामीण का शव



**बतौली/सेदम।** घोघरा नहर में अज्ञात ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। मृतक का शिनाख्त नहीं होने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है। इधर पुलिस आसपास के गांव के लोगों से शव का शिनाख्त कराने में जुट गई है। बताया जा रहा कि आज ग्राम घोघरा कोरवापारा के कुछ लोग मछली पकड़ने के लिए बांध के गेट को बंद किए थे। गेट बंद होने जाने से नहर में पानी सप्लाई बंद हो गया। पानी सूख जाने पर जब गांव के लोग मछली पकड़ रहे थे तभी दुर्गंध आने पर गेट के समीप गए तो देखा नहर में अज्ञात ग्रामीण का शव सडी गली हालत में फंसा हुआ है। जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। मृतक का पहचान नहीं सका। गांव के सरपंच ने नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।




## पेज 1 का शेष

### विधायक रेणुका ने ...

के इस आधुनिक युग में जहां सभी चीजें ऑनलाइन हो रही हैं और यहां मोबाइल नेटवर्क नहीं होना बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण है, मैं सभी को भरोसा दिलाती हूं कि जल्द ही आपको इन सभी समस्याओं निजात मिलेगी। विधायक रेणुका सिंह अपने रामगढ़ जनसंपर्क के दौरान जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह विधानसभा में आप सभी ने अपना प्यार और आशीर्वाद मुझे प्रदान किया मैं सदा आपकी आभारी रहूंगी और आपके हर सुख दुःख में आप मुझे अपने पास पाएंगे। उन्होंने कहा कि आपने मुझे विधायक बनाकर इस क्षेत्र की सेवा करने का जो अवसर दिया है मैं उसे पूरा करने का आपको भरोसा दिलाती हूं।

### नियुक्ति निरस्त होने ...

प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए इनकी नियुक्ति को यथावत रख इन्हें डीईएलडी का ब्रिज कोर्स करा दिया जाए, जिससे प्राथमिक विद्यालय में डीएड प्रशिक्षित की पात्रता की शर्त भी पुरी हो जाए। उल्लेखनीय है कि कोर्ट द्वारा बीएड प्रशिक्षित को प्राथमिक विद्यालय के लिए अपात्र माना गया है, जबकि इन बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नियुक्ति पूर्व सरकार द्वारा बकायदा नियमों में संशोधन करके किया गया था और ये विगत छह माह से अपनी सेवा भी दे रहे हैं। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे ने कहा कि किसी के भविष्य के साथ गलत न हो, इसके लिए उचित मार्ग तलाशना होगा, यह भी सही है कि डीएड प्रशिक्षित, प्राथमिक विद्यालय के लिए स्वाभाविक पात्रता रखते हैं, किंतु यह भी सही है कि इन नवनियुक्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को पिछली सरकार में नियमों को संशोधन करके नियुक्ति दी है, इसलिए इनकी भी कोई गलती नहीं है, चूंकि अब ये विगत छह माह से अपनी सेवा शासकीय विद्यालयों में बतौर सहायक शिक्षक दे चुके हैं, ऐसे में इनकी नियुक्ति को निरस्त करना उचित प्रतीत नहीं होता। इनकी नियुक्ति यथावत रखते हुए इन्हें एक अवसर प्रदान किया जाए कि ये सभी एक निश्चित समयावधि में डीईएलडी ब्रिज कोर्स कर सकें, जिससे कोर्ट का भी सम्मान बना रहेगा और इन नवनियुक्त सहायक शिक्षकों का भी भविष्य सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में पवन दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि शालेय शिक्षक संघ ने ही सर्वप्रथम इन नवनियुक्त सहायक शिक्षकों के भविष्य की चिंता करते हुए यह सुझाव सरकार के समक्ष रखा है कि इनकी नियुक्ति को डीईएलडी का ब्रिज कोर्स कराकर वैध किया जा सकता है, क्योंकि इसके पूर्व भी हजारों बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को इसी तरह का ब्रिज कोर्स एनआईओएस के द्वारा छग शासन की ओर से कराया गया था।

### चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ और ...

स्टोर करने के लिए स्वीकृति दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल एसईसीएल मनेन्द्रगढ़ को मुख्य ब्लड सेंटर बनाया गया है।

इनके पास होंगे ब्लड सेंटर के प्रभार- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी के ब्लड बैंक के लिए मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जयंत कुमार, ब्लड सेंटर टेक्नीशियन बंटी लाल मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ब्लड बैंक के लिए मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रकाश अग्रवाल और ब्लड सेंटर टेक्नीशियन सोमेन्द्र मंडल और जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ब्लड बैंक के लिए मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजीव कुमार रमन और ब्लड सेंटर टेक्नीशियन रूकसार अंसारी को जिम्मेदारी दी गई है। ब्लड स्टोरेज सेंटर के लिए निर्धारित है नियम-जिले के तीन ब्लॉक में ब्लड स्टोरेज सेंटर को 2 साल के लिए लाइसेंस जारी किया गया है। यह लाइसेंस अवधि 4 अप्रैल 2024 से लेकर 3 अप्रैल 2026 तक होगी। ब्लड सेंटर को लाइसेंस रिन्यूअल के लिए 3 महीने पहले ही आवेदन करना होगा। वहीं ब्लड सेंटर के टेक्निकल स्टाफ बदलने की स्थिति में उन्हें लाइसेंस अथॉरिटी को सूचना देनी होगी। ब्लड सेंटर में ब्लड डोनर और रिसीवर के सैंपल सहित अन्य जानकारियां भी सुरक्षित रखनी होगी, इसके अतिरिक्त कई और नियम भी ब्लड सेंटरों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

